## महत्वपूर्ण एवं खास

### भू माफिया और अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त

देहरादून ,(आरएनएस)। डीएम कार्यालय में सोमवार को जन सुनवाई के दौरान लोगों ने करीब 63 शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस दौरान अधिकतर मामले भू माफिया और अतिक्रमण को लेकर उठे। शासन में एक बैठक में शामिल होने की वजह से डीएम जनसुनवाई में आधे घंटे ही रुके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शिकायतों का तत्काल समाधान करें। सोमवार को डीएम एसए मुरुगेशन ने जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डीएम कार्यालय सभागार में इस दौरान करीब 75 फीसदी शिकायतें नगर निगम, एमडीडीए, ग्राम्य पंचायतें, नगर पालिकाओं और शहर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के साथ भूमि-विवाद से संबंधित रही। दर्जनों लोगों ने अधिकारियों के संज्ञान में लाया कि शहरी इलाकों में बड़े पैमाने पर भू-माफिया जगह-जगह सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर रहे हैं। शिकायत करने पर धमकी देते हैं। इसके अलावा नगर निगम से स्वच्छता कूड़ा-उठान, समाज कल्याण से छात्रवृत्ति, पेंशन, बिजली पोल सुधार और सुचारू बिजली आपूर्ति की शिकायतें भी शामिल की गई। पेयजल विभाग से कई क्षेत्रों में सुचारू जलापूर्ति नहीं किए जाने की शिकायतें भी जन सुनवाई में उठाई गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त विजय कुमार जोगदंडे, नगर मजिस्ट्रेट मनुज गोयल, मुख्य विकास अधिकारी जीएस रावत, अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी अरविंद पांडेय सहित कई विभागों के जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चीतल को कुत्तों से बचाया गया

कोरबा (आरएनएस)। करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम खरहरी में एक चीतल भटककर पहुंच गया, जहां कुत्तों ने उसे बुरी नोंच दिया। चीतल पर 13वीं बटालियन के जवानों की नजर पड़ी। उन्होंने किसी तरह उसे कुत्तों से बचाया और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग मादा चीतल का इलाज कराने करतला ले आई। गुरूवार की सुबह 9 बजे करतला वन परिक्षेत्र के मड़वारानी के पास स्थित ग्राम खरहरी में एक मादा चीतल पानी की तलाश में पहुंच गई। इस बीच कुत्तों की नजर चीतल पर पड़ी। कुत्तों ने चीतल को दौड़ाते हुए गांव के भीतर तक ले गए। इस बीच 13वीं बटालियन के प्रधान आरक्षक खिस्तो पाल की नजर चीतल पर पड़ी। उन्होंने ग्रामीणों को सूचना देते हुए चीतल को कुत्तों से बचाया। गांव के शिव कुमार राजपूत ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि चीतल की उम्र लगभग ढाई साल है। कुत्तों ने चीतल के गर्दन, कान, पैर व कंधे को बुरी तरह से नोंच दिया है। घायल चीतल को डॉक्टरी इलाज के लिए करतला लाया गया, जहां पशु चिकित्सक ने उसका इलाज किया।

## पैरावट में आग लगने से जिंदा जला युवक

जांजगीर-चांपा, (आरएनएस)। जिले के नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम सेमरा में आज दिल दहला देने वाली घटना सामने आया है। यहां के हरिजन मोहल्ले के पैरावट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पैरावट में आग भड़क गई। इस आगजनी की चपेट में आकर एक युवक जिंदा जल गया। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन, 11वीं की छात्रा ने की लिखित शिकायत

रायपुर,(आरएनएस)। माना थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी में कल सुबह दो युवतियों द्वारा एक युवती के घर पहुंचकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। मामले में प्रार्थीया ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। सूत्रों की माने तो ग्राम टेमरी में रहने वाली कक्षा 11वीं की एक छात्रा ने अपने लिखित शिकायत में बताया है कि दिनांक 8 मार्च की सुबह करीब 10 बजे प्रार्थीया के घर में दो लड़कियां पहुंची। दोनों ने प्रार्थीया को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देना शुरू कर दिया। दोनों ने प्रलोभन देते हुए कहा कि एक धर्म विशेष में शामिल होने के बाद उसकी पढ़ाई-लिखाई निःशुल्क हो जाएगी। भविष्य में भी सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अच्छे-अच्छे ज्ञान मिलेंगे। धर्म विशेष अपनाने से तुम्हें आगे जाकर नौकरी भी मिलेगी। जो इस धर्म को मानता है, अपनाता है, वही सच्चा इंसान है। इस धर्म को अपनाने से कई तरह की सुख-सुविधाएं आसानी से मिल जाती है। दोनों लड़कियां प्रलोभन दे ही रही थी कि इसी बीच प्रार्थीया के पिता घर पहुंच गए, इसके बाद दोनों लड़कियां वहां से चली गई। मामले में प्रार्थीया ने माना थाने में लिखित शिकायत देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

## भाजपा के 25 नामों की लिस्ट पर भूपेश बघेल ने ली चुटकी

रायपुर,(आरएनएस)। भाजपा में राज्यसभा प्रत्याशी चयन को लेकर चल रहे घमासान के बीच 25 नामों की लिस्ट तैयार होने पर पीसीसी चीफ ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर है, ऐसे में भाजपा के सेनापति पहले ही मैदान छोड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्यसभा में प्रत्याशी चयन को लेकर अभी भी घमासान मचा हुआ है। पार्टी की ओर से 3 नामों का पैनल हाईकमान को भेजे जाने थे, लेकिन प्रत्याशी चयन न हो पाने के कारण पार्टी की ओर से सभी 25 दावेदारों का नाम पार्टी हाईकमान तक पहुंचा दिया गया। इधर प्रदेश भाजपाध्यक्ष द्वारा नामांकन फार्म खरीदे जाने के बाद से ही कोहराम मचा हुआ है।

## एकाउंट नम्बर को आधार से लिंक करवाने की अंतिम तिथि 31 तक

रायपुर,(आरएनएस)। आरबीआई के गवर्नर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शासकीय एवं अशासकीय मान्यता प्राप्त बैंकों में खातेदारों को आधार लिंक से जोड़ने का कार्यक्रम जोर-शोर से जारी है। बैंक सूत्रों के अनुसार खातेदारों के लिए अपने खातों को

आधार लिंक से जुड़वाना अनिवार्य है। खातों को आधार लिंक से जुड़वाने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। इसके पश्चात जिन खातेदारों ने अपना खाता नम्बर आधार कार्ड से नहीं जुड़वाया है उन्हें खाते से लेनदेन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही ऋण आदि की सुविधा भी नहीं मिल पायेगी। आरबीआई के रीजनल मैनेजर ने समस्त बैंकों के खातेदारों से अपने खाते का नम्बर आधार से लिंक करवाने का आग्रह किया है।

## दीपका खदान में 420 लीटर डीजल सहित वाहन जब्त

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल की दीपका खदान में बुधवार की रात सुरक्षा प्रभारी डी के पासवान के नेतृत्व में टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान दीपका खदान के किनारे एक पिकअप दिखी जिसके आसपास कुछ सशस्त्र लोग खड़े थे। उक्त स्थल हरदीबाजार चौकी क्षेत्र में होने से चौकी प्रभारी शरद चंद्रा को सुरक्षा प्रभारी ने सूचना दी। सूचना पाकर सीएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी चंद्रा एएसआई द्वय आजुराम, अजय सोनवानी, हेड कांस्टेबल मन्नेवार, कृपाशंकर दुबे, कांस्टेबल रवि मानिकपुरी व कलेश को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। दर्री की क्यू आर टी को वहां भेजा। पुलिस टीम ने खदान पहुंचकर सुरक्षा विभाग से संपर्क कर खदान में घेराबंदी की। जहां पिकअप क्रमांक सी. जी.12 ए. एस. 2723 में 3 लोग सशस्त्र लोग क्रमश विश्वनाथ साहू व पंचराम साहू दोनों निवासी कोरबी-धतूरा, राजेश कुमार पटेल निवासी रेकी पकड़े गए। उनके अन्य साथी संजय, राम व अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर गाड़ी से उतरकर भाग गए। पुलिस ने जब वाहन की जांच की तो उसमें 35-35 लीटर के क्षमता वाले 12 जेरिकन मिले, जिसमें 28560 रुपए कीमत का 420 लीटर डीजल मय वाहन जब्त किया गया। रिपोर्ट पर चौकी हरदी बाजार में 395 भा. द. वि. व 3, 4 इ. सी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## ग्राम सभा की अब होगी वीडियोग्राफी

बिलासपुर,(आरएनएस)। ग्राम सभा की बैठक के दौरान सरपंच व समर्थकों की मनमानी नहीं चलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने बैठक की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। इससे हड़कंप मच गया है। पंचायती राज व्यवस्था को प्रभावशाली बनाने के लिए केंद्र सरकार ने ग्रामसभा की बैठक को ज्यादा महत्वपूर्ण बना दिया है। गांव स्तर पर किए जाने वाले विकास कार्य के अलावा अन्य महत्वपूर्ण कार्य और निर्णय के लिए ग्राम सभा की सहमति को अनिवार्य कर दिया है। इसके पीछे सरपंच व पंचों द्वारा पंचायत भवन के कार्यालय में बैठक बंद कमरे में लिए जाने वाले निर्णय के बजाय सामूहिक निर्णय और आम सहमति पर बल दिया है। पंचायत राज मंत्रालय के अफसरों का मानना है कि गांव के विकास के लिए ग्रामीणों की सामूहिक सहमति अनिवार्य है। इससे विरोध की संभावना खत्म हो जाती है और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगता है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली को केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय ने और भी सशक्त कर दिया है। केंद्र सरकार की अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों को सीधे फंड जारी किया जा रहा है। फंडिंग करने के साथ ही केंद्र ने ग्राम सभा की मीटिंग में और उसमें स्वीकृति को अनिवार्य कर दिया है। सरपंच व समर्थकों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। ग्राम सभा की बैठक में प्रस्तावों पर उपस्थित ग्रामीणों से हस्ताक्षर लिए जाते हैं। कोरम पूरा न होने की स्थिति में अपने लोगों के घर पहुंचकर रजिस्टर में हस्ताक्षर ले लिए जाते हैं और इसे जनपद पंचायत के हवाले कर दिया जाता है। प्रभावशाली सरपंचों व समर्थकों द्वारा ग्राम सभा की मीटिंग के नाम पर किए जा रहे फर्जीवाड़ा की शिकायत को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। अब प्रत्येक ग्राम सभा की बैठक की अब वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। जिला पंचायत के माध्यम से रिकॉर्डिंग पंचायती राज मंत्रालय के हवाले की जाएगी। इस तरह की शिकायतों का अंबार पंचायत चुनाव के दौरान ही ग्रामीण दो गुटों में बंट जाते हैं। एक गुट निर्वाचित सरपंच के साथ नजर आता है तो गांव में रहने वाले ग्रामीणों का दूसरा धड़ा सीधे-सीधे विपक्ष की भूमिका में आ जाता है। कमोबेश कुछ इसी तरह की स्थिति पंचों की भी है। गांव से लेकर ग्राम पंचायत के दो गुटों में बंटे होने के कारण हर काम का विरोध होने लगता है। मसलन पंचायत की बैठक में सरपंच व समर्थकों द्वारा अपनी चलाना। अन्य पंचों की यही शिकायत रहती है कि विकास के मामले में सरपंच अपनी चलाते हैं। ग्राम सभा की बैठकों में कम उपस्थित और विरोध के बाद गुपचुप तरीके से समर्थक ग्रामीणों के घर जाकर उनके हस्ताक्षर ले लिए जाते हैं। इसी आधार पर ग्राम सभा की बैठक में सहमति बना ली जाती है । ग्राम सभा की बैठकों की अब वीडियोग्रॉफी कराने का निर्देश केंद्र सरकार ने दिए हैं। अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसकी तैयारी करने मातहत अफसरों को कहा गया है।

## बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना वसूला गया

कोरबा (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सहायक वाणिज्य प्रबंधक केसी स्वाईन के नेतृत्व में गुरुवार को 17 सदस्यीय टीम कोरबा पहुंचकर रेलवे स्टेशन में किलाबंदी चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत टीम को 48 ऐसे यात्री मिले, जो बिना टिकट बिलासपुर से कोरबा पहुंचे थे। इन यात्रियों से दूरी के अनुसार ढाई से पांच सौ रुपए तक जुर्माना वसूला गया। कोरबा रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ पैसेंजर के बाद लिंक एक्सप्रेस पहुंची। दोनों ट्रेनों में जांच करते हुए स्टेशन से यात्रियों के बाहर निकलने वाले सभी रास्तों के साथ प्लेटफ र्म में संदिग्ध नजर आने वालों से टिकट मांगा गया। रेलवे की इस टीम को अभियान चलाने का लाभ भी मिला। अफसरों ने रेलवे स्टेशन पर ऐसे 48 यात्रियों को पकड़ा जिनके पास टिकट ही नहीं था। उनसे बतौर जुर्माना वसूला गया। टीम में शामिल वाणिज्य प्रबंधक आशीष नंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 18 करोड़ का टार्गेट पूरा करना है बिलासपुर जोन को। बीते साल यह लक्ष्य 13 करोड़ का था।

## सीयू में 12 व 13 मई को प्रवेश परीक्षा

बिलासपुर,(आरएनएस)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2018-19 में प्रवेश को लेकर कवायद शुरू हो गई है। जल्द ही वेबसाइट पर सूचना जारी करने का प्रबंधन दावा कर रहा है। 12 व 13 मई को परीक्षा आयोजित की जा सकती है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के 32 विभागों सहित रिसर्च में प्रवेश के लिए गाइडलाइन जारी की जानी है। मीडिया सेल से मिली जानकारी के मुताबिक अकादमिक विभाग ने सत्र 2018-19 की विश्व विद्यालय प्रवेश परीक्षा (वीईटी) के लिए तैयारी शुरू कर दी है। मई में चयन परीक्षा की तिथियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। मार्च माह के दूसरे सप्ताह में परीक्षा तिथियों, विषयों एवं सीटों की विस्तृत जानकारी प्रस्तावित है। छात्र-छात्राएं अधिकृत वेबसाइट पर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा 12 व 13 मई को संभावित है। प्रबंधन ने अभी तक विश्वविद्यालय रिसर्च एंट्रेस टेस्ट यानी वीआरईटी को लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा है। साफ है कि विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाले शोधार्थियों को इस बार भी निराशा होगी। प्रवेश कैटेगरी में भी किसी तरह की फेरबदल की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है।

## शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त : विभाग जुर्माना वसूलने में व्यस्त

रायपुर,(आरएनएस)। राजधानी में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के बजाए चौक-चौराहों में तैनात अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट के नाम पर जुर्माना वसूलने में व्यस्त हो गए हैं। अन्य वाहन चालक चाहे यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा दे, लेकिन कार्यवाही केवल बाइक सवारों पर ही केन्द्रित नजर आती है। शहर में पहले से ही बुरी तरह से बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने आज तक न जाने कितने प्रयोग किए गए, लेकिन आज तक कोई भी प्रयोग सफल नहीं हुआ। राजधानी बनने के बाद से ही शहर में यातायात का अतिरिक्त दबाव बना, लेकिन उस हिसाब से न तो यहां की सड़कें चौड़ी हुई और न ही ऐसा कोई कदम उठाया गया जिससे यातायात सुगम हो सके। ऊपर से आए दिन होने वाले प्रयोगों ने शहर की बुरी तरह से चरमराई व्यवस्था को और भी लचर कर दिया। हालांकि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की पहल पर अब जाकर सड़कों पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर सीधी कार्यवाही और चालकों पर मामला दर्ज किया जा रहा है, इससे केवल आउटर की सड़कों, नेशनल हाईवे पर ही जाम की समस्या पर काफी हद तक काबू पाया गया। लेकिन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का क्या? चौक-चौराहों पर तैनात यातायात का अमले की नजर केवल बाइक चालकों पर रहती है, नंबर प्लेट सही है या नहीं, चालक ने हेलमेट पहना है या नहीं? सारा ध्यान केवल इसी बात पर होता है। सिग्नल जंप करने वाले, क्षमता से अधिक सवारी बिठाने वाले और व्यस्त सड़कों पर भी फर्राटे भरने वाले कार चालकों पर कोई कार्यवाही नहीं होती। कुल मिलाकर विभाग की कार्यवाही देखी जाए तो केवल बाइक चालकों पर ही कार्यवाही होती दिखाई देती है। यदा-कदा ऑटो चालकों पर जुर्माना कर विभागीय अमला अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। इस बात को लेकर बाइक चालकों पर जोरदार आक्रोश है।

## शार्ट शर्किट होने से युवक झुलसा

**फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज**

रायपुर,(आरएनएस)। दीपक फेरोलाईज कंपनी में काम करने के दौरान शार्ट शर्किट होने से एक युवक झुलस गया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्याम सुंदर जगत पिता स्व. रामनारायण जगत 35 वर्ष भनपुरी पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी उरला स्थित दीपक फेरोलाईज कंपनी में काम करता था। 6 मार्च के शाम प्रार्थी फैक्ट्री में बिजली सुधारने का काम कर रहा था तभी अचानक शार्ट शर्किट होने से झुलस गया। जिससे उसे उपचार के लिए कालड़ा नर्सिंग होम में भर्ती किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ धारा 287,337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## राशन कार्ड बनवाने के नाम पर उगाही करने वाला युवक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर,(आरएनएस)। राशन कार्ड बनवाने के नाम पर 500 रूपए की उगाही करने वाला युवक के खिलाफ गुढ़ियारी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गुढ़ियारी थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक साहू पिता बरातु साहू 32 वर्ष सांईनाथ कालोनी कोटा का रहने वाला है। प्रार्थी ने कल रात थाने में शिकायत किया कि कल दोपहर कर्माचौक के पास रामनगर में आरोपी सुनील सोनी पिता रामलाल सोनी 29 वर्ष निवासी भरतनगर कर्मा चौक ने प्रार्थी व अन्य लोगों से राशन कार्ड बनवाने के नाम पर 500 रूपए की मांग किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 384 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## डॉक्टर को दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

रायपुर,(आरएनएस)। अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर डॉक्टर व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। देवेन्द्र नगर थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डॉ. सुनील खेमका पिता स्व. हरीकिशन खेमका 57 वर्ष पुराना खेमका अस्पताल सांईनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी सेक्टर 5 नारायणा अस्पताल आया हुआ था तभी उसके मोबाईल पर अज्ञात मोबाईल नंबर 66806-327391 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 507 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सुराज का तीसरा चरण 12 से,मुख्यमंत्री जिले से करेंगे अभियान की शुरुआत

बिलासपुर,(आरएनएस)। राज्य सरकार के सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में से एक लोक सुराज अभियान का तीसरा चरण 12 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। तीसरे चरण की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह बिलासपुर जिले से करेंगे। केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का हाल जानने किसी भी गांव में उतरकर औचक निरीक्षण करेंगे। शाम को कलेक्टोरेट परिसर स्थित मंथन सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह सरकारी अस्पताल, स्कूल, छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्र,राशन दुकान,बसस्टैंड,खेत खलिहन से लेकर चौपल तक पहुंचकर निरीक्षण करेंगे और ग्रामीणों से फीडबैक लेंगे। सुराज अभियान के तीसरे और महत्वपूर्ण चरण को लेकर प्रशासनिक अमलों की सक्रियता बढ़ गई है। 11 मार्च को सीएम सुराज के अलावा एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम के आने की प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि की जा रही है। उनके प्रवास को देखते हुए गुरुवार को कलेक्टर पी दयानंद ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली । इसमें केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागवार समीक्षा की व प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी। उन्होंने दोटूक कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन के प्राप्त आवेदनों को गंभीरता के साथ निराकरण किया जाए। जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण को लेकर विभिन्न विभाग के अफसरों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला व प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिले को मिले लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी मांगी। सुराज के तीसरे चरण में प्रत्येक 10 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुराज के दौरान लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण की जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविर में ग्रामीणों को केंद्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकरी देंगे। इन्हीं योजनाओं के तहत ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे व उन्हें लाभान्वित भी किया जाएगा। हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदनों का प्रारूप भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक समाधान शिविर के लिए ब्लॉक स्तर के एक अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। शिविर के दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करेंगे । शाम के वक्त मंथन सभाकक्ष में विभागीय अफसरों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसमें केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभागवार अफसरों से जानकारी लेंगे।